कक्षा : छह **विषय : हिंदी** **प्रकरण : संज्ञा**

"संज्ञा हूँ मैं संज्ञा, कैसे समझोगे मेरा रूप?

नाम

नाम यदि पहचान गए तो जानोगे मेरा स्वरूप"।

किताब	**तितली**	**बगीचा**	**तोता**	**फल**	**ताजमहल**	**बच्चे**

संज्ञा क्या है?

नाम

किसका?

वस्तुओं, व्यक्तियों, प्राणियों, स्थानों और भावों का।

परिभाषा – किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान, प्राणी, भाव आदि के नाम का बोध कराने वाले शब्द 'संज्ञा' कहलाते हैं।

जैसे –

वस्तुओं के नाम → गुड़िया, पुस्तक खिलौना, डिब्बा

व्यक्तियों के नाम → अमित, दीक्षा, मोहन, राकेश

प्राणियों के नाम → बंदर, चूहा, मकड़ी, भेड़िया

स्थानों के नाम → दिल्ली, लालकिला, राजघाट

भावों के नाम → सुंदरता, प्रसन्नता, गरमी, गंभीरता, बुढ़ापा

भेद

संज्ञा के मुख्य तीन भेद माने जाते हैं।

१) व्यक्तिवाचक

२) जातिवाचक

३) भाववाचक

- ❖ व्यक्तिवाचक संज्ञा –

किसी व्यक्ति विशेष, वस्तु ,प्राणी, स्थान आदि के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – सुरेश ,गीता, रामचरितमानस, भारत आदि।

- ❖ जातिवाचक संज्ञा –

जो शब्द एक ही तरह की सभी वस्तुओं, प्राणियों आदि के नाम का बोध कराते हैं उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – फल (सभी फल) , नदी (सभी नदियाँ) , पर्वत (सभी पर्वत)

- ❖ भाववाचक संज्ञा–

किसी भाव, गुण, दशा या अवस्था का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं। जैसे – मिठास, महत्ता, सच्चाई आदि।

संज्ञा के दो अन्य भेद भी माने गए हैं।
इन दोनों भेदों को जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत माना जाता है।

समूहवाचक संज्ञा

द्रव्यवाचक संज्ञा

- ❖ **समूहवाचक संज्ञा** –जिस शब्द से किसी समूह या झुंड आदि का बोध हो, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– समिति, कक्षा, सभा, गोष्ठी, परिवार, भीड़ आदि।

- ❖ **द्रव्यवाचक संज्ञा** – जिस शब्द से किसी द्रव्य, पदार्थ या धातु का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–लोहा ,सोना ,चाँदी, ताँबा ,पीतल, पानी आदि।

अभ्यास कार्य

प्रश्न १. वर्ग में से संज्ञा शब्द चुनकर दिए गए भेदों के नीचे लिखिए।

भा	?	ड़	स	भा	मा
र	भी	पि	ट	ल	न
त	ड़	से	शी	ल	व
ले	ख	न	श्रा	धा	ता
न	छू	ध	म	भा	ग
दी	क	क्षा	शे	श्र	मी

व्यक्तिवाचक ....

जातिवाचक ....

भाववाचक ....

प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

(क) पहनना ....(ख) चुनना ....(ग) बच्चा ....(घ) मीठा.................

(ङ.) नौकर ....(च) मित्र ....(छ) पढ़ना ....(ज) पशु ....

प्रश्न ३. नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर उसमें से संज्ञा शब्दों की पहचान कर उन्हें रेखांकित कीजिए ।

महात्मा गाँधी ने जो भी आंदोलन चलाया, उन सभी आंदोलनों में उनका तरीका एक ही था– शांति और दृढ़ता से अपनी बात कहना और उसके लिए अहिंसात्मक आंदोलन करना। चंपारण, खेड़ा और बारदोली के आंदोलन के अतिरिक्त उन्होंने चार बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। जब भी वे सरकार के खिलाफ़ आंदोलन छेड़ते, हज़ारों व्यक्तियों से भेंट करते और सारी सूचनाएँ एकत्रित करते थे।

प्रश्न ४. नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।

(क) **भेड़िए** की ज़िंदगी में यह पहला अवसर था। ( )

(ख) **नेहरु जी** दिनभर व्यस्त रहते थे। ( )

(ग) समय–तालिका का **दृढ़ता** से पालन करना चाहिए। ( )

(घ) कौआ **वृक्ष** पर बैठा है। ( )

हमेशा याद रखेंगे

कुछ संज्ञाएँ मूल रूप से भाववाचक संज्ञाएँ होती हैं, जबकि कुछ का निर्माण जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया आदि शब्दों से किया जाता है।